दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 145
मुरादाबाद
(Tuesday)
16 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

कोसी-सीमांचल वासियों को पीएम मोदी ने दी सौगात, पूर्णिया एयरपोर्ट का शुभारंभ किया

पूर्णिया आने से पहले पीएम मोदी ने कोसी-सीमांचल वासियों को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने पूर्णिया में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के स्थापना करने की घोषणा की। कहा कि मखाना और बिहार का बहुत गहरा नाता रहा है। मखाना बोर्ड से इस क्षेत्र के हमारे किसान भाई-बहनों को बहुत लाभ होने वाला है। धानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोसी-सीमांचल वासियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने 10 साल पहले जिस एयरपोर्ट को लेकर घोषणा की थी, उसका आज शुभारंभ कर दिया है। अब बिहार में पटना, गया, दरभंगा

और पूर्णिया मिलाकर कुल चार एयरपोर्ट हो गए। पूर्णिया एयरपोर्ट कोलकाता के बाद पूर्वी भारत का भी सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन गया है। इस कदम को सीमांचल और कोसी क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्णिया पहुंच चुके हैं। चुनापुर सैन्य हवाई अड्डे पर सीएम नीतीश कुमार और दोनों डिप्टी सीएम ने उनका स्वागत किया।

कुछ ही देर में वह पूर्णिया एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद बिहार वासियों को 36 हजार करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।पीएम मोदी ने बिहार आने से पहले सोशल मीडिया पर लिखा कि मखाना और बिहार का बहुत गहरा नाता रहा है। पूर्णिया से राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की शुरुआत भी की जाएगी, जिससे इस क्षेत्र के हमारे किसान भाई-बहनों को बहुत लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी की इस घोषणा के बाद, मखाना उत्पादकों, कृषि वैज्ञानिकों और स्थानीय समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि यह कदम उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाएगा और मखाना उद्योग को एक नई दिशा देगा। तेज प्रताप यादव ने कहा कि पीएम मोदी एयरपोर्ट या पुल का उद्घाटन करें लेकिन बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ मदद कर दें। आरा का जमुनियां गांव बह गया। वहां लोग रो रहे हैं। राघोपुर में हालात बदतर हैं। लेकिन, सरकार इनकी मदद नहीं कर रहे हैं। अब चुनाव आ रहा है तो पीएम मोदी सौगात देने की बात कर रहे हैं। पिछली बार बोलकर गए थे कि चीनी मिल चालू करवाएंगे। इसी मिल से हम चाय पियेंगे। लेकिन, अब तक ऐसा नहीं हुआ। पीएम मोदी केवल अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने आ रहे हैं। उनके आने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 15 सितंबर को पूर्णिया एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे। पूर्णिया एयरपोर्ट को आधुनिक तकनीक और सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। इसका रनवे 2800 मीटर लंबा है, जो एयरबस और बोइंग जैसे बड़े कमर्शियल विमानों को भी आसानी से उतारने और उड़ाने में सक्षम है। एयरपोर्ट का 4000 वर्ग मीटर में फैला टर्मिनल भवन पूरी तरह से हाईटेक है, जिसे आने वाले 40 साल की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को पूर्णिया से सुपौल वासियों को तीन बड़ी सौगात देंगे। इसमें सुपौल के वीरपुर में केंद्रीय विद्यालय निर्माण कार्य और कोसी-मेची लिंक परियोजना का शिलान्यास करेंगे। साथ ही सहरसा-छेरहटा (अमृतसर) अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यह ट्रेन सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर के रास्ते चलेगी। सुपौल के रास्ते चलने वाली यह दूसरी नियमित एक्सप्रेस ट्रेन होगी। इससे पहले शुक्रवार को सुपौल से पहली नियमित ट्रेन सुपौल-दानापुर-पुणे एक्सप्रेस का परिचालन शुरु हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

सभी वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ मराठी में करना अनिवार्य, सरकार का सभी विभागों-मंत्रालयों को निर्देश

महाराष्ट्र सरकार ने सभी विभागों की वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ मराठी भाषा में रखने का निर्देश दिया है। सभी वेबसाइट का डिजाइन, डोमेन नाम और सामग्री की प्रस्तुति एक जैसे फॉर्मेट में होगी, जिससे नागरिकों को भरोसेमंद और आसान सेवा मिले। सरकार के मुताबिक यह कदम विभागों की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रदर्शन मूल्यांकन को बेहतर बनाने की योजना का हिस्सा है। महाराष्ट्र सरकार ने सभी विभागों और मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि उनकी वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ (ओपनिंग पेज) अनिवार्य रूप से मराठी भाषा में होना चाहिए। इसके साथ ही वेबसाइट का डिजाइन और नाम रखने का तरीका (नेमिंग प्रोटोकॉल) भी एक जैसा होना चाहिए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह फैसला सरकार के अगले डेढ़ सौ दिनों के प्रदर्शन के लक्ष्यों के तहत लिया गया है। उन्होंने कहा, आज के साइबर धोखाधड़ी और गुमराह करने वाली वेबसाइट के दौर में यह कदम जरूरी है। सभी मंत्रालयों और विभागों को एक निर्धारित डिजाइन में वेबसाइट तैयार करनी होगी, जिसमें उनकी वेबसाइट का नाम %.द्दश1.द्बठ्ठ% डोमेन के साथ होना चाहिए। वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ मराठी में करना अनिवार्य रहेगा, क्योंकि मराठी राज्य की आधिकारिक भाषा है।

भारत-पाकिस्तान मैच से PCB ने कमाए 1000 करोड़, पैसा होगा भारत के खिलाफ इस्तेमाल;संजय राउत का हमला

राउत ने दावा किया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अकेले इस मैच से करीब 1,000 करोड़ रुपये की कमाई हुई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, %यह पैसा हमारे खिलाफ इस्तेमाल होगा। क्या सरकार और बीसीसीआई को इसकी जानकारी नहीं है?f शवसेना (यूबीटी) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सोमवार को सनसनीखेज आरोप लगाया कि रविवार को खेले गए भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये का सट्टा खेला गया। राउत के मुताबिक, इस सट्टे में से 25,000 करोड़ रुपये पाकिस्तान पहुंचे हैं।पीसीबी को 1,000 करोड़ की कमाई राउत ने दावा किया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अकेले इस मैच से करीब 1,000 करोड़ रुपये की कमाई हुई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, %यह पैसा हमारे खिलाफ इस्तेमाल होगा। क्या सरकार और बीसीसीआई को इसकी जानकारी नहीं है? हाथ न मिलाने की घटना को बताया नाटक भारत ने यह मुकाबला सात विकेट से जीता, लेकिन मैच के बाद खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। राउत ने इस कदम को भी दिखावा करार

दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई आकस्मिक फैसला नहीं था बल्कि बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट की सहमति से लिया गया निर्णय था। मैच के आयोजन पर उठे सवाल यह हाई-वोल्टेज मुकाबला ऐसे समय में खेला गया जब भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव चरम पर है। पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद मई में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। ऐसे हालात में मैच के आयोजन पर कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने बहिष्कार की मांग की थी। राउत का हमला- %सरकार आंखें खोले% राउत ने कहा, %जब देश में ऐसा माहौल है, तब पाकिस्तान को आर्थिक फायदा पहुंचाने वाले मैच खेलना समझ से परे है। सट्टेबाजी का इतना बड़ा जाल सरकार की आंखें खोलने के लिए काफी होना चाहिए। भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा से भावनाओं का केंद्र रहा है, लेकिन इस बार मैदान से बाहर के विवादों ने इसे और ज्यादा चर्चा में ला दिया है।देशभक्ति पर मुनाफे को चुना वहीं, कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा, मैं पहले से कह रहा था कि भारत-पाकिस्तान का यह मैच खेला ही नहीं जाना चाहिए था। यह बेहद शर्मनाक है कि बीसीसीआई ने इस मैच को कराने का फैसला लिया। यह पहलगाम में मारे गए लोगों का अपमान है और हमारे सैनिकों का अपमान है। सरकार ने साफ तौर पर देशभक्ति पर मुनाफे को चुना बीसीसीआई के ठेकेदार मजदूरों से ज्यादा कुछ नहीं% प्रियांक खड़गे ने विवादित बयान देते हुए कहा, अभी खेलने की क्या जरूरत थी? यह हाथ न मिलाने का ड्रामा किसके लिए है? किसे बेवकूफ बनाने की कोशिश हो रही है? सारे राष्ट्रवादी कहां छिप गए हैं? अगर भारतीय टीम के कप्तान ने खेलने से इनकार कर दिया होता तो मैं उनकी सराहना करता... दुर्भाग्यवश, मेन इन ब्लू (यानी भारतीय टीम) बीसीसीआई के ठेके वाले मजदूरों से ज्यादा कुछ नहीं हैं।

अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल गांधी, बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारे में टेका माथा

राहुल ने अपने सोशल मीडिया पर पंजाब सहित हिमाचल प्रदेश, उतराखंड, जम्मू-कश्मीर में आई बाढ़ पर गहरी चिंता व्यक्त की और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि इस संकट की घड़ी में लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाई जाए।

उन्होंने लिखा कि इन सभी प्रभावित इलाकों के लिए राहत पैकेज जारी किया जाए और लोगों के पुनर्वास के लिए पुख्ता कदम उठाए जाएं।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज पंजाब दौरे पर हैं। वे प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से अजनाला, रमदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रमदास स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में भी नतमस्तक

हुए।इसके बाद वह गुरदासपुर गए और वहां के हालातों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी की। राहुल गांधी हवाई सर्वे के बजाय सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से रुबरु हो रहे हैं।बिट्टू ने कसा तंज, बोले, बाढ़ के समय मना रहे थे छुट्टियां राहुल गांधी के पंजाब दौरे पर लुधियाना के पूर्व सांसद और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तंज कसा है। बिट्टू ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राहुल गांधी पंजाब आ रहे हैं। जब उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हो रहे थे, तब वह छुट्टियों का आनंद लेने में व्यस्त थे। जब पंजाब डूब रहा था और लोग रो रहे थे तो वह मलेशिया में ऐश कर रहे थे। यह दौरे लोगों का दर्द मिटाने के लिए नहीं, सियासी स्टेज पर ड्रामेबाजी करने के लिए लग रहे हैं।

जब कानून संसद में बनता है, तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता, रिजिजू बोले- इसी पर लगी सुप्रीम मुहर

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ संशोधन अधिनियम पर अंतरिम आदेश सुनाते हुए कानून की कुछ धाराओं पर रोक लगा दी। हालांकि, सर्वोच्च अदालत ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर अब सरकार की प्रतिक्रिया भी सामने आ गई है।केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संसोधन अधिनियम 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने एक तरह से भारत की संसद के फैसले को बरकरार रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब काई कानून संसद में बनाया जाता है तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता। इसी बात पर आज सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है।कोर्ट के आदेश पर रिजिजू ने कहा, वक्फ संशोधन अधिनियम पर पूरी सुनवाई के बाद आज सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश का मैं स्वागत करता हूं। सुप्रीम कोर्ट पूरे विषय से वाकिफ है। मामले को बहुत विस्तार से प्रस्तुत किया गया। सरकार की ओर से हमारे सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में अधिनियम के प्रावधानों

और उसकी मंशा और सरकार की सोच को विस्तार से प्रस्तुत किया है। मेरा मानना है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने जो भी फैसला दिया है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत अच्छा संकेत है, क्योंकि जब कोई भी कानून संसद में बनता है, तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता और इसी बात पर आज सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संतुष्ट हूं और क्योंकि यह देश की सर्वोच्च अदालत है, इसलिए जब भी सुप्रीम कोर्ट से कोई फैसला आता है, उसका प्रभाव पड़ता है, और एक तरह से भारत की संसद के फैसले को बरकरार रखा गया है। हम एक प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के मामले को देखेंगे और नियमों में क्या शामिल किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में आज क्या हुआ? इससे पहले शीर्ष अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को लेकर बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कानून पर रोक लगाने की मांग पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून पर केवल दुर्लभतम मामलों में ही रोक लगाई जा सकती है। हमने माना है कि अनुमान हमेशा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषदों में गैर-मुस्लिमों की संख्या तीन से अधिक नहीं हो सकती। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके अनुसार पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले व्यक्ति ही वक्फ बना सकते हैं। कोर्ट ने कहा है कि यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा, जब तक यह तय करने के लिए नियम नहीं बन जाते कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं।

संपादकीय Editorial

Kangra Bank or Auction House

The accounts of Kangra Central Cooperative Bank have deteriorated and hence financial decisions are now being held in check. The wonder of the politics of keeping financial institutions as mistresses is that all the bells that were played are now breaking in front of their power. Kangra Bank, caught in the list of lax financial system and insult to national financial discipline, is finally suspending its own board of directors under the whip of action. This decision of the government came at a time when the working methods of the bank, divided into stories, started being sold on the streets. The surprising thing is that the bank reached the garbage of content, flouting the directions of RBI and the guidelines of NABARD. This order is not so small that the current irregularities can be hidden under the tarpaulin of the next elections of the board of directors. There are so many such issues where the beneficiaries are found to be in contact with politics. The accounts of those who got big loans or who made money with loans will be found in these ruined accounts. The veiled bank is being exposed, when it has come to the point of serving notices to all the members of the board of directors including the chairman. The allegations are serious and if this method of operation continues, then the accounts of common account holders will one day be hit by lightning of emptiness. The bank has done many such miracles that even the financial institutions of the country will be left scratching their heads. Amidst all the symptoms of bankruptcy, the rate of NPA, the falling credibility of the financial base, laxity in the discipline of operation and all the flaws of the banking system, the bank is losing in the game of politics. The allocation of financial benefits within the bank and the system getting ruined due to suicidal steps have started measuring the bank as a testimony of its sinking existence. There was also a time when in the possibility of the bank, all the banks of the Pong Dam and all the cooperative societies became the reason for the revolution of deposits. The roots of this cooperative sector bank reached modern and commercial banking, but all the economic energy was invested in political business. In this context, in the name of OTS, a loan of Rs 45 crore on a hotel was sold for just Rs 21 crore. The bank's BOD devised such a method that the lender was able to sell the unique OTS to a third party outside the grace period. Neither was there an open auction of the property nor was the essence of OTS alive, rather the bank handed over the hotel worth Rs 45 crore loan to a political boss for Rs 21 crore with folded hands. This amazing deal of the banking sector is a stab on the back of those savings holders who trust this bank with every part of their deposits in rural areas. Kangra Bank, registered in the protection of rural economy, cooperative sector, small industries and small businessmen, has now become its own auction house. First such loans are sanctioned which are difficult to repay, then new flowers bloom through OTS. In such a situation, the government has sent the entire board of directors to Haridwar in time and has broken the fabric of the atmosphere of apprehension. Now it remains to be seen whether the infested grain is ground in this mill or this moment of scrutiny in the history

When AI conducts job interviews: Identifying specific skills only humans can... Machines help with shortlisting

It may make sense to use machine interviews to weed out unsavory candidates, but only humans can identify specific skills. Jennifer Dunn, 54, a marketing professional in San Antonio, went to an interview for a marketing job arranged by a recruiting firm a few months ago. She was excited to learn about her new role and her employer. Instead, a virtual artificial intelligence (AI) recruiter named Alex sent her a message on her mobile to schedule an interview. At the appointed time, Dunn received a call from Alex. "Are you human?" Dunn asked. "No, I'm not human. But I'm here to make the interview process go smoothly," she said. For the next twenty minutes, Dunn answered Alex's questions. However, Alex couldn't answer most of her questions. According to Dunn, the AI ??recruiter was trying to bring a friendly tone to the conversation, but he found it all strange. Perhaps that is why he disconnected the phone before the interview was over. You think that AI will take away your job, but it is posing a challenge by becoming the first recruiter. These autonomous recruiters, known as agentic AI, are a new form of AI. Some aspects of job search - such as checking resumes and scheduling meetings - have become increasingly automated over time, but interviews have long been considered the part of the process that requires the most human input. Now AI is making inroads in this area as well, making the job search journey even more frustrating. Charles Whitley, 22, a graduate in computer science and mathematics, who has interviewed with AI twice, says that talking with an AI interviewer 'feels very uncomfortable'. In one interview, words like hmm, oh were added to make the voice of AI sound more natural, but these were more frightening. In fact, robot interviewers have been developed to help employers talk to more candidates and reduce the burden of human recruiters. Propel Impact, a non-profit organization based in Vancouver, British Columbia, which teaches financial investment to youth, started using Ribbon AI's interviewer in January. The organization's executive director Sherlyn Chok said that this helped the organization screen 500 applicants for its fellowship program, which is much more than last year's 150 applicants. This saved time and also made it easier for the applicants. However, Sam Demeas, career expert of online job board ZipRecruiter, says that humans cannot be excluded from the recruitment process, because AI may have bias and it cannot be trusted to fully evaluate a candidate's experience, skills and suitability for the job. This is bad news for people like Emily Robertson-Yingst, 57. In April, she was interviewed by an AI named Eve for the position of vice president of product marketing at a software company, in which Emily had to keep her camera on and she could see Eve in a small corner of the screen. Eve asked more than half a dozen questions about Emily and the job. About an hour later, when she asked Eve about the next step in the recruitment process, she could not answer. Regarding this, Emily posted on social media that she was forced to think whether she was just an experiment? She said, 'Was I just used to train the AI ??agent or was there a job?' However, some people described their experience with AI interviewers as good. 21-year-old college student James Gu spoke to a robot interviewer for a summer analyst position through Propel Impact in February. He said that he felt more freedom in talking to the AI ??and the AI ??was also interested in knowing about him. Jennifer Dunn says that she gave nine interviews in the last two months, but about her first machine interview, she said that if given a choice, she would never want to give an interview to AI in the future. She said, 'It seems artificial to me.' AI Guardals These provide ethical protection to the AI ??system. Guardals are such invisible filters, which immediately catch where the AI ??system is about to make a mistake, so that it can be stopped. If AI generates any information or response that violates the prescribed rules - such as hate speech, promoting violence, or giving false information, then Guardals stop it or modify it. Along with increasing the reliability of AI, Guardals also ensure that the AI ??output does not cause any harm to the society.

Jeevan Dhara: Changes do not come just by thinking... If you do not implement it, your ideas will always remain in books

You think of something remarkable, even if it is a very unique idea, but if you do not implement it, it will always remain in your thoughts or in books, not in your list of achievements. Theoretically everything seems impossible until it is done. Similarly, when you think of something remarkable, even if it is a very unique idea, but if you do not implement it, it will always remain in your thoughts or in books, not in your list of achievements. Most people also think in the same way, if they have to climb Everest, they will find it impossible until someone else climbs it once. I strongly believe that for the safety of mankind in the future, we will have to establish colonies on other planets. Even if we do not destroy this earth now, one day this planet will lose its resources. If we want the human race to survive the next 30 billion years, we need more space. We should not put our eggs in one basket, that is, we should not confine our entire species to just one planet. I work very hard on this. As Alice says in Lewis Carroll's book Through the Looking Glass, 'You have to run at full speed to stay in the same place.' This means that the world is changing at a rapid pace, technology, art, and science are moving so fast that we have to work hard to keep up with them. The more I work, the more I feel that more work is needed, because time moves very fast. There comes a time in every person's life when he has to decide to risk his life, his wealth, and his reputation for some result. Those who fail this challenge are simply children grown up physically, and cannot be anything else. Real maturity comes only when we accept these risks and move forward. Remember, no great achievement is possible without struggle. And this is the point from where the journey of true progress begins. A journey that can prove to be transformative not only for the individual but for the entire humanity.



Pathania is no longer alone

Pathania kept fighting alone and is still fighting for his position. Despite all the reasons to give the status of freedom fighter to Wazir Ram Singh Pathania, if even after 78 years of independence this honour has not been achieved, then it is the fault of our veins that we did not recognize the colour of freedom. Well, this time in Himachal Vidhan Sabha, not only did all the members unanimously approve such a proposal, but Himachal also rose high in history in its favour. When the valour of Himachal, the sacrifice of the state, the pride of the state and history of the state came up in the proposal brought by MLA Bhawani Singh Pathania, the timing of the priorities of the House changed. We have written many times in these columns while paying our respects to this warrior that the first trumpet of freedom in India was blown by Wazir Ram Singh. Mangal Pandey is associated with the freedom revolt of 1857, but Wazir Ram Singh Pathania, one of the first storms of freedom under the banner of martyrdom, had invoked it a decade earlier. It is surprising that this Himachali chapter of independence has not been fully revealed. This is also the reason why Himachal is still lagging behind in recognising its heroes and heroism. Universities have increased, but there is no Himachali-ness in research. Politicians have started getting attached to the names of colleges and educational institutions. Are brave soldiers ever invited to the annual functions of schools and colleges? In kavi sammelans, did the language and culture department or the academy ever think of reading two-four pages of history in the memory of the martyrs? Has politics taken over the entire meaning of Himachal's 'coronation'? The history of independence in Himachal shines from Sirmaur, Shimla, Kullu-Mandi, Hamirpur-Bilaspur to Una-Kangra and to every corner. Many moments of sacrifices pass through memories on every saga of valour and every page of folk culture, but we have changed the caravan of concerns. Even today, the heroism of General Zorawar Singh is proven in many corners of the world and in the exploits of India's Sikh and Dogra history. He writes about the expansion of Maharaja Ranjit Singh's empire in the reins of agreements with China. In the leaps of the Dogra Sultanate, he reaches the edge of Tibet. It is surprising that the tomb of the mortal remains of this brave son became a place of worship for the enemy country, but we have not been able to build a memorial till date. While installing a statue of Zorawar Singh in the Shaheed Smarak of Dharamshala, MLA Sudhir Sharma definitely made us feel that when the tunes of the national anthem resonate, the heroes of Himachal should also be revered in the eyes of the nation. Captain Ram Singh had composed the tune of the national anthem from Dharamshala in Himachal, but we could not establish the status of this fame. Former MLA Pt. Sushil Ratna established the State Freedom Fighter Memorial in Dadi of Dharamshala, but the politics divided on lines ruined even such a resolution. Bhawani Singh Pathania has broken a big void in the name of freedom fighters of Himachal, for which he deserves praise, but the education department should also make meaningful efforts to dig into history so that we do not remain dumb.

निर्यातक को दो घंटे बनाया बंधक, फ्रीज खाते से निकाले ढाई करोड़, पत्नी से छेड़छाड़...पिता को पीटा

मुरादाबाद- दिल्ली रोड स्थित निर्यात फर्म में हिस्सेदारी विवाद के बीच आरोपियों ने फ्रीज खाते से ढाई करोड़ रुपये और दूसरी फर्म से 11 लाख रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर निर्यातक, उसकी पत्नी और पिता को फैक्टरी में दो घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट की गई। मझोला पुलिस ने छह के खिलाफ केस दर्ज किया है। दिल्ली रोड स्थित निर्यात फर्म में हिस्सेदारी को लेकर चल रहे विवाद के दौरान एक पक्ष ने फ्रीज खाते से ढाई करोड़ रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर फर्म मालिक, उनकी बहू और बेटे के साथ मारपीट कर फैक्टरी में ही दो घंटे तक बंधक बना लिया। आरोप है कि इस बीच बहू के साथ छेड़खानी की गई।इस मामले में मझोला पुलिस ने छह नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के रहने वाले निर्यातक ने दर्ज केस में बताया कि दिल्ली रोड स्थित फर्म में वह और उनकी मां 25 फीसदी के पार्टनर हैं। इस फर्म के अन्य हिस्सेदारों में उसके एक चाचा, दो ताऊ के बेटे और एक ताई भी हैं।जबकि एक अन्य फर्म निर्यातक और उनकी पत्नी पार्टनर हैं। आरोप लगाया कि परिवार के अन्य पार्टनर फर्म पर कब्जा कर पूंजी हड़पने में लगे हैं। विवाद के कारण बैंक का खाता फ्रीज हो गया था। इस बीच बैंक से सांठगाठ कर आरोपियों ने 12 और 13 अगस्त को ढाई करोड़ रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने दूसरी फर्म के खाते से 11 लाख रुपये निकाल लिए हैं। दो खातों को फिर फ्रीज करा दिया गया है। आरोपियों ने खाते में लेनदेन चालू कराने के लिए निर्यातक, उसकी पत्नी और पिता पर काफी दबाव बनाया। फर्म का लेबर ठेकेदार भी आरोपियों से मिला हुआ है। उसने धमकी दी है कि बाहर की महिलाओं से झूठे केस में फंसा देगा। 11 सितंबर की शाम करीब 5:30 बजे निर्यातक के उसके चाचा, दो तहेरे भाई और लेबर ठेकेदार कुछ बदमाशों को लेकर पहुंच गए। सभी ने निर्यातक, उसकी पत्नी और पिता को घेरकर खाते का लेनदेन चालू कराने का दबाव बनाया। मना करने पर दो घंटे तक फैक्टरी में बंधक बनाकर रखा। किसी तरह वह अपनी पत्नी और पिता के साथ जान बचाकर भाग निकले। भागने के दौरान आरोपियों ने निर्यातक के साथ मारपीट की। उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट और छेड़खानी की गई। धमकी दी कि फैक्टरी छोड़ दो अन्यथा जान से हाथ धोना पड़ेगा। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि छह नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी और धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मुंह में चला गया था मच्छर... जाकिर ने थूका तो फहीम को नगवार गुजरी ये बात; बावर्ची की हत्या में बड़ा खुलासा

मुरादाबाद- अमरोहा पुलिस ने फहीम हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी जाकिर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि थूकने की घटना को गलत समझने पर हुई कहासुनी में जाकिर ने सूजा उठाकर फहीम के सीने में घोंप दिया था। इससे उसकी मौत हो गई। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। अमरोहा में मामूली बात पर फहीम की हत्या करने वाले जाकिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। फहीम शादियों में खाने बनाने का काम करता था। पुलिस के अनुसार, जाकिर ने जिस समय समय थूका तो फहीम वहां से गुजर रहा था। फहीम को लगा कि जाकिर ने उसे देखकर थूका है। इस पर हुई कहासुनी के बाद जाकिर ने फहीम के सीने में सूजा घोंपकर उसकी हत्या कर दी थी। मोहल्ला चकली निवासी खाना बनाने वाले फहीम की शुक्रवार रात लगभग 9:30 बजे उसके पड़ोसी जाकिर ने सूजा घोंपकर हत्या कर दी थी।परिजनों के मताबिक दोनों पक्षों में रंजिश थी। दोनों के बीच रंजिश करीब दस साल पहले बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद पैदा हुई थी। इसके बाद छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर दोनों पक्षों में कहासुनी होती रहती थी। फहीम के भाई एजाज ने जाकिर व उसके तीन भाइयों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।रविवार सुबह पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी जाकिर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सूजा भी पास ही नाली से बरामद कर लिया है। पूछताछ में जाकिर ने बताया कि वह चांद सूरज इमामबाड़ा के पास खड़ा था। इसी दौरान उसक मुंह में मच्छर चला गया। इस पर उसने थूका तो अचानक वहां से फहीम गुजर रहा था। फहीम को लगा कि जाकिर ने उसे देख कर थूका है। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया था। फहीम ने उसे गाली दी तो गुस्से में आकर पास ही खड़े अब्दुल वहीद के शिकंजी के ठेले से सूजा उठा कर जाकिर ने फहीम पर हमला कर दिया था। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।हत्यारोपी जाकिर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। सीसीटीवी फुटेज में वह अकेला ही भागता नजर आया है। मामले की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी। - शक्ति सिंह, सीओ सिटी

संक्षिप्त समाचार

कैसे हुई मंदबुद्धि किशोरी गर्भवती ? गांव के लोग लगा रहे रेप की अटकलें

संभल- थाना असमोली क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि किशोरी के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। परिजनों को तब जानकारी हुई जब किशोरी को पेट में दर्द की शिकायत हुई। जांच कराने पर उसका गर्भ ठहरना प्रकाश में आया। घटना की जानकारी पुलिस तक नहीं पहुंची है, लेकिन गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव निवासी एक मजदूर की बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। इसी का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मानसिक मंदित होने के कारण किशोरी लंबे समय तक चुप रही और किसी को जानकारी नहीं दे सकी। कुछ दिन पूर्व जब उसके पेट में तेज दर्द हुआ तो परिजनों को शक हुआ। अल्ट्रासाउंड कराने पर परिजनों को उसकी गर्भावस्था की जानकारी हुई। परिजन घटना से सदमे में हैं और उन्होंने किशोरी का गर्भपात नहीं कराया है। कहा जा रहा है कि डाक्टर को दिखाया गया था लेकिन उसने ज्यादा समय का गर्भ होने की वजह से गर्भपात से इंकार कर दिया। परिजनों ने फिलहाल उसे रिश्तेदारी में भेज दिया गया है। पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी गई है।

शिक्षिका और छात्राओं से अश्लीलता में प्रधानाचार्य निलंबित, कॉलेज आने पर भी लगा प्रतिबंध

मुरादाबाद- शिव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य को शिक्षिका और छात्राओं से अश्लील हरकतों के आरोप में प्रबंध समिति ने निलंबित कर दिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें जमानत मिल गई थी लेकिन अब कॉलेज आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। समिति ने गगन अग्रवाल को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया। शिक्षिका और छात्राओं से अश्लील हरकतें करने के आरोप में गिरफ्तार शिव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शलभ भारद्वाज को रविवार को कॉलेज की प्रबंध समिति ने निलंबित कर दिया है। हालांकि, गिरफ्तारी के कुछ समय बाद ही कोर्ट से उन्हें निजी मुचलके पर जमानत मिल गई थी।समिति ने उनके कॉलेज आने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है और गगन अग्रवाल को कार्यवाहक प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी दी गई है। प्रबंध समिति जांच कमेटी गठित कर उनके खिलाफ जांच करेगी। आरोपपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को दाखिल किया जाएगा।कॉलेज परिसर में रविवार दोपहर आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में प्रबंधक सुभाष भूषण शर्मा ने पूरा घटनाक्रम रखा। उन्होंने कहा कि कॉलेज की एक शिक्षिका ने डीआईओएस, राज्य महिला आयोग और डीएम को शिकायतीपत्र लिखा था। इसमें उन्होंने प्रधानाचार्य डॉ. भारद्वाज पर उनके व छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया था और कार्रवाई की मांग की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिकायत को गंभीरता से लिया और जांच के लिए तीन तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। जांच समिति ने कॉलेज में आकर छात्राओं के बयान दर्ज किए थे। कमेटी ने प्रधानाचार्य पर लगाए आरोपों की पुष्टि करते हुए अपनी रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपी थी। इस पर डीआईओएस ने उनको पत्र लिख प्रधानाचार्य के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। रविवार को कॉलेज में हुई बैठक में 15 सदस्यीय समिति के 13 सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों समेत 13 सदस्यों ने प्रधानाचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने का निर्णय लिया। गगन अग्रवाल बन कार्यवाहक प्रधानाचार्य बैठक में गगन अग्रवाल को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि प्रबंध समिति की अनुमति के बिना प्रधानाचार्य कॉलेज में प्रवेश नहीं करेंगे। निलंबित किए गए प्रधानाचार्य डॉ. शलभ भारद्वाज के खिलाफ कार्रवाई जांच समिति बनाने का निर्णय लिया गया जो उनके खिलाफ की गई शिकायतों की जांच करेगी। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध रस्तोगी, अशोक कुमार शर्मा, मुनीश चंद्र गुप्ता, रमेश चंद्र सक्सेना, भूरे खां आदि मौजूद रहे।

स्थानीय कलाकार उत्तर कुमार गिरफ्तार, अभिनेत्री से दुष्कर्म केस में गाजियाबाद पुलिस ने की कार्रवाई

मुरादाबाद- स्थानीय फिल्म अभिनेता उत्तर कुमार को गाजियाबाद पुलिस ने दुष्कर्म और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के आरोप में गिरफ्तार किया है। पीड़ित अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि एलबमों में काम के दौरान उनका शोषण किया गया। देहाती फिल्मों और हरियाणवी एलबमों में काम करने वाले कलाकार उत्तर कुमार ने उसका शारीरिक शोषण किया। मामले में गिरफ्तार किया है। शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित गाजियाबाद पुलिस टीम उन्हें मंडी फार्महाउस से पकड़ा है।जानकारी के मुताबिक पीड़ित अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि 2019 से 2023 तक फिल्मों और एलबमों में काम करने के दौरान उत्तर कुमार ने उसका शारीरिक शोषण किया। साथ ही जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित भी किया।इस मामले में गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि गाजियाबाद पुलिस ने उनसे कोई औपचारिक संपर्क नहीं किया है। लाते वक्त उत्तर कुमार की बिगड़ी तबीयत- मिली जानकारी के मुताबित, उत्तर कुमार को तबियत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फार्म हाउस से लेकर आते वक्त कार में तबियत खराब हो गई थी। इसके बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अभी तक की जांच में सामान्य स्थिति है। डीसीपी ट्रांस हिंडन ने इसकी जानकारी दी है। पीड़िता ने लखनऊ जाकर आत्मदाह की कोशिश की थी इस मामले में मुकदमा दर्ज न होने पर पीड़िता ने लखनऊ जाकर आत्मदाह का प्रयास भी किया था। इसके बाद पुलिस ने शालीमार गार्डन थाने में उत्तर कुमार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के कुछ ही दिन बाद शालीमार गार्डन पुलिस ने मामले की चार्जशीट बनाकर डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील के पास संस्तुति के लिए भेजी थी।

रामपुर में फायरिंग...हंगामा: गुरुद्वारे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने, लाठी-डंडे चलने से कई जखमी, इलाके में तनाव

मुरादाबाद- बिलासपुर के पसियापुर गुरुद्वारे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कब्जे को लेकर विवाद में मारपीट और फायरिंग में कई लोग घायल हो गए। डीएम और एसपी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसियापुर स्थित गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह नवाबगंज में सोमवार को जमकर हंगामा हो गया। दो पक्षों के बीच गुरुद्वारे पर कब्जे को नोकझोंक के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि कई राउंड फायरिंग के साथ लाठी-डंडे भी चले। इसमें कई लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार ट्रस्टी सतनाम कौर पक्ष के लोग गुरुद्वारे पहुंचे और वहां पहले से सेवा कर रहे बाबा गुरमीत सिंह पक्ष के लोगों को बाहर करने की कोशिश करने लगे। विरोध होने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान कई राउंड फायरिंग भी हो गई।लाठी-डंडे चलने से निर्मल सिंह, मंगा सिंह, बाबा राम सिंह और गुरमेल सिंह घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम अरुण कुमार, सीओ रविंद्र प्रताप सिंह और कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बाबा गुरमीत सिंह पक्ष के लोगों को गुरुद्वारे के बाहर ही रोक दिया। इस पर उन्होंने विरोध जताते हुए पुलिस-प्रशासन पर दूसरे पक्ष को कब्जा कराने का आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने गुरुद्वारे के बाहर धरना देते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलेभर के थानों से पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया है। डीएम और एसपी भी घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर पेट्रोल पंप पर डेरा डाले हुए हैं। पूरे इलाके में तनाव बना हुआ है।

चलती फिरती मौत बनने की कगार पर जुगाड़ के वाहन, हादसों के बावजूद नहीं जागे जिम्मेदार

मुरादाबाद- महानगर और आसपास की सड़कों पर जुगाड़ तकनीक से तैयार अवैध वाहन चलती-फिरती मौत बन गए हैं। मोटरसाइकिल के आगे का हिस्सा काटकर उसके पीछे ट्रॉली जोड़कर बनाए गए और कबाड़ से उठाए ऑटो रिक्शा की मरम्मत का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि हर दिन दुर्घटनाओं कार्रवाई न होने पर सवाल उठा रहे हैं। रविवार को कर उसमें माल भरकर स्टेट हाईवे दिल्ली रोड पर पर फव्वारा चौक पर खड़े ट्रैफिक पुलिस से सामने वहीं कांठ रोड मोटरसाइकिल डिस्कवर का पिछला 50 से अधिक घी के पीपे भर कर सरपट दौड़ा जा हरथला में दोनों स्थानों पर बाइक सवारों की चेकिंग हल्का करते दौड़ रहे बेखौफ चालकों के अंदाज वाहनों पर रोक न लगाने की बात को लेकर रेड कर रहे थे। ये वाहन अक्सर अपनी क्षमता से कई नेशनल हाईवे तक दौड़ते हैं। बिना रजिस्ट्रेशन, पर फर्राटा भरते ये जुगाड़ वाहन किसी भी मानक खराब होकर सड़क के बीचों-बीच खड़े हो जाते हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। जरा से झटके में हो जाते हैं असंतुलित पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें जुगाड़ वाहनों के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हुईं। परिवहन विशेषज्ञों के अनुसार, इन वाहनों का डिजाइन असंतुलित होने के कारण जरा से झटके या ब्रेक लगाने पर पलट सकते हैं। इससे न केवल चालक बल्कि आस-पास के वाहन और पैदल यात्री भी खतरे में पड़ जाते हैं नंबर प्लेट, हेलमेट और बिना रजिस्ट्रेशन के हो रहा संचालन मोटरसाइकिल के कटे हिस्सों से बने जुगाड़ वाहन महानगर की सड़कों और हाईवे पर दौड़ रहे। बिना नंबर प्लेट, हेलमेट और रजिस्ट्रेशन के चालक बेखौफ चल रहे हैं। यह स्थिति न केवल ट्रैफिक व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि सड़क सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रशासन के लिए यह जरूरी हो गया है कि सड़कों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने लिए जल्द और कठोर कदम उठाए जाएं। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद गंगवार ने बताया कि काफी समय ये अभियान चलाया जा रहा है कई बार इस तरह के वाहनों की धरपकड़ जारी है। ऐसे में करूला क्षेत्र में ऐसे वाहनों का संचालन अधिक है तो वहां अभियान चला कर वाहनों को बंद किया जाएगा।

कर भार ढोने के लिए वाहन न सिर्फ यातायात नियमों का खतरा भी बढ़ा रहे हैं। लोग प्रशासन की चुप्पी और कबाड़ से लिए ऑटो रिक्शा को काम भर के लिए ठीक फर्राटा भर रहे वाहन चालक स्टेशन रोड से दिल्ली रोड से निकल गया। किसी ने रोकने की जरूरत नहीं समझी। हिस्सा काट कर पीछे भार ढोने के लिए लगे पटले पर रहा था। जबकि कांठ रोड पर किले के सामने और की जा रही थी। भारी भरकम सामान,नियमों का पालन कुछ और ही इशारा कर रहा था। सामने से गुजर रहे ऐसे लाइट पर खेड़ और वाहन चालक भी आपस में चर्चा गुना अधिक भार लादकर शहर की गलियों से लेकर बिना नंबर प्लेट और बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के सड़कों सुरक्षा नियम का पालन नहीं करते। कई बार ये अचानक हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ जाती है और

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

नागरिक सुरक्षा कोर सुभाष नगर पोस्ट द्वारा मासिक बैठक में पूर्व पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। नागरिक सुरक्षा कोर की मासिक बैठक, रविवार को रवि अग्रवाल ज्वैलर्स (हिंद सिनेमा के सामने, निकट सीता किरन होटल) सिविल लाइंस बरेली में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि डिविजनल वार्डेन आदरणीय दिनेश यादव जी और अति विशिष्ट अतिथि स्टाफ ऑफिसर आलोक शंखधार जी, एसओ फायर जफर बेग जी व आईसीओ श्रीमती स्वदेश कुमारी जी रहे। विशिष्ट अतिथियों में हमारे पूर्व सम्मानित पदाधिकारी डिप्टी चीफ़ वार्डेन दिनेश कटियार जी, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन मोहम्मद उस्मान नियाज़, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन रिजर्व अमित पंत, आईसीओ राजेंद्र मोहन गर्ग जी रहे। बैठक की अध्यक्षता पोस्ट वार्डन श्र मनोज कुमार जी व संचालन डिप्टी पोस्ट वार्डेन जय गोपाल अरोरा जी व आयोजक सैक्टर वार्डेन मयूरेश अग्रवाल जी द्वारा किया गया 7 बैठक की कार्यवाही ़ सर्वप्रथम पोस्ट पर नवनियुक्त होकर आए वार्डेन का माला पहना कर स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी माह में होने वाले सात दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने पोस्ट से कम से कम 12 से 15वार्डनों के नामों को मांगा गया। इसके पश्चात स्टाफ ऑफिसर टु डिविजनल वार्डन आलोक शंखधर द्वारा अक्टूबर और नवंबर माह में होने वाले स्पेशल प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण दो चरणों में होगा,और यह भी कहा कि किसी वार्डन के पास अक्टूबर में प्रशिक्षण हेतु समय नहीं हो वह नवम्बर में कर सकते हैं। बैठक के अंत में विशिष्ट अतिथियों को माला पहना कर, प्रतीक चिन्ह व उपहार देकर पोस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में आए पूर्व पदाधिकारियों द्वारा सिविल डिफेंस के अनुभव को पोस्ट के साथ साझा किया व सुभाष नगर पोस्ट का मार्गदर्शन किया। बैठक में सुभाष नगर के पोस्ट वार्डेन मनोज कुमार, डिप्टी पोस्ट वार्डेन जय गोपाल अरोरा जी, रानी सिंह, बिंदु सक्सेना, नीरज कुमार, मयूरेश अग्रवाल, गुंजन सिंह, ममता पाल व संदेश वाहक विवेक सक्सेना जी आदि मौजूद रहे , व सैक्टर वार्डेन मयूरेश अग्रवाल जी को सुक्ष्म जलपान हेतु सभी का धन्यवाद किया ।

एसएसपी अनुराग आर्य ने शांति सुरक्षा हित में पांच थाना प्रभारियों का किया बदलाव

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले में कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर बदलाव किए। इस फेरबदल में पांच थानों के इंस्पेक्टर और एक दरोगा की कुर्सी बदल दी गई। अब कई थानों की कमान नए हाथों में होगी। एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार किला थाना प्रभारी रहे सुरेश चंद्र गौतम अब प्रेमनगर थाने के प्रभारी होंगे। इज्जतनगर क्राइम इंस्पेक्टर सुभाष कुमार को किला थाने की कमान सौंपी गई है। रिट सेल और सिंगल विंडो प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को अब एएचटी प्रभारी बनाया गया है। सिरौली इंस्पेक्टर जगत सिंह को अलीगंज थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। अलीगंज इंस्पेक्टर रजित राम का ट्रांसफर कर उन्हें क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग भेजा गया है। वहीं विनोद सिंह को सिरौली थाने की कमान दी गई है। त्योहारों के सीजन में पुलिस महकमे में यह फेरबदल अहम माना जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों और कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए कई थानों पर नए प्रभारी उतारे गए हैं। माना जा रहा है कि एसएसपी ने पूरी रणनीति के तहत यह कदम उठाया है, ताकि जि़ले की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए हैं ।

मुख्यमंत्री ने दिशा पाटनी के पिता से फोन पर की बात, दिया सुरक्षा का भरोसा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की रात अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता जगदीश सिंह पाटनी से फोन पर बात की। रिटायर्ड सीओ जगदीश सिंह पाटनी ने बताया कि सीएम योगी ने उनके परिवार को सांत्वना दी। कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश आपके साथ। उनके परिवार की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी। इससे पूर्व सीएम योगी के ओएसडी राजभूषण सिंह ने फोन कॉल कर अभिनेत्री के पिता जगदीश चंद्र पाटनी से बात की। पाटनी ने बताया कि बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आरोपी बच नहीं सकेंगे। उप्र पुलिस उनको पाताल से भी निकाल लाएगी। आपके परिवार की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है, आप बिल्कुल निश्चिंत रहें।

प्रदेश ओलंपिक संघ के बने उपाध्यक्ष डीएम अविनाश सिंह ने राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के संदर्भ में स्मारिका का किया विमोचन

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष/जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप बालक वर्ग के संदर्भ में प्रकाशित की गई स्मारिका का विमोचन किया गया। इस दौरान प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव यश भारती से सम्मानित डा आनंदेश्वर पांडे और यूपी ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डा हनुमान प्रताप सिंह मौजूद रहे,यह प्रतियोगिता अंबेडकरनगर जनपद में गत 20 से 24 अप्रैल को कराई गई थी जिसके आयोजन अध्यक्ष के रूप में वहां के तत्कालीन जिलाधिकारी अविनाश सिंह अब (बरेली के जिलाधिकारी) द्वारा संपन्न कराई गई थी जिसमें पूरे देश से लगभग 700 खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे,इस संबंध में कार्यक्रम की सफलता से संबंधित खेल स्मारिका का प्रकाशन किया गया है, जिसका विमोचन उक्त खेल के सूत्रधार जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा बरेली में किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इसलिए अवसर पर कहा कि इस पुस्तिका का खेल जगत में काफी महत्व है आगे प्रतियोगिताएं कराने में इस स्मारिका से काफी सहयोग मिलेगा, आगे भी ऐसी प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। यूपी ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ आनंदेश्वर पांडे ने कहा खेल एक ऐसी विधा है जो सर्वांगीण विकास का परिचायक है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह का खेल और खिलाड़ियों के प्रति समर्पण यह दर्शाता है कि जनपद के खिलाड़ियों को ऊंचाइयां मिलेंगी। स्मारिका को लिपिबद्ध करने वाले यूपी ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डा हनुमान प्रताप सिंह ने कहा कि इस स्मारिका में खेल के सभी पहलुओं का समावेश करने का प्रयास किया गया है,विमोचन के बाद अब इसे वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आशीष गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद रहे।

स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के संबंध में विभागीय लोगों को जानकारी देने व सक्रिय करने के उदेश्य से डीएम ने की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । मा0 उप मुख्यमंत्री / स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ब्रजेश पाठक के दिये गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आज जीआईसी ऑडिटोरियम में 17 सितंबर से आरम्भ होने वाले स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के संबंध में जानकारी देने व स्वास्थ्य विभाग के समस्त अमले को सक्रिय करने के उद्देश्य बैठक की गयी। इसलिए अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि 17 सितंबर को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जन्म दिवस है उनके जन्म दिवस से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाना है। इसलिए समयावधि में सरकारी क्षेत्र के 488 स्वास्थ्य केंद्रो पर स्वास्थ्य मेलो का आयोजन सर्वजन हिताय के उद्देश्य से किया जाये। उक्त समयावधि में ही पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का भी जन्मदिवस होगा। उन्होंने का कि आईएमए के प्रतिनिधि से अपेक्षा की कि प्राइवेट स्तर पर संचालित मेडिकल कालेज व हॉस्पिटल भी इसलिए पुण्य कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और जरूरत मंद लोगों को इलाज मुहैया कराएं। उक्त आयोजन के अंतर्गत समस्त सरकारी चिकित्सालयों एवं निजी चिकित्सालयों में दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत जनपद बरेली में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का प्रतिदिन आयोजन किया जायेगा। दिनांक 17 सितम्बर, 2025 एवं 01 अक्टूबर, 2025 को जिला चिकित्सालय, बरेली में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को समस्त सामु0/प्रा0स्वा0/नगरीय प्रा0स्वा0 केन्द्रों शुभारम्भ किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह ने बताया कि जनपद बरेली में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 26 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 355 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं 36 शहरी आरोग्य मन्दिरों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उक्त स्वास्थ्य शिविरो में कुल 488 केन्द्रों में चिकित्सक एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गैर-संचारी रोगों (जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की गहन जांच की जाएगी। संवेदनशील महिलाओं की क्षय रोग (टीबी) की जांच तथा निःक्षय मित्र योजना में नामांकन किया जायेगा। किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया की स्क्रीनिंग की जाएगी।सिकल सेल रोग की जांच, परामर्श कार्ड, वितरण एवं विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों की महिलाओं के लिये परामर्श सेवायें प्रदान की जाएगी। गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच (एन0एन0सी0) हीमोग्लोबिन परीक्षण, पोषण संबधी परामर्श तथा मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन (एम0सी0पी0) कार्ड का वितरण भी किया जायेगा।बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं हेतु निःशुक्ल टीकाकरण सेवायें प्रदान की जाएंगी। मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।तेल एवं चीनी का उपयोग कम करने हेतु विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय व स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से पोषण संवर्धन के अन्तर्गत पोषण आहार, अन्नप्राशन एवं आहार संबधी परामर्श दिये जायेंगे। रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (क्करू-छ्ठ्ठ्) अन्तर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण तथा क्करू-छ्ठ्ठ् ई-कार्ड एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (क्क्ञ्) कार्ड का वितरण भी किया जायेगा। इसलिए अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राकेश कुमार एवं डा0 अमित कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लईक अहमद अंसारी,वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा0 अजमेर सिंह एवं टी0एस0यू0अरूण पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी मौजूद रहीं ।

हिंदी दिवस पर बरेली में देशभर के कवियों ने बिखेरी साहित्यिक छटा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। हिंदी दिवस के अवसर पर रविवार को शहर में कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। प्रकाश कॉन्टिनेंटल में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से आए ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की ओजपूर्ण वाणी और सृजनात्मक प्रस्तुतियों से पूरा सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण में आयोजकों ने हिंदी को केवल भाषा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। कवि सम्मेलन में वीर रस, हास्य, श्रृंगार और सामाजिक विषयों पर केंद्रित कविताओं ने श्रोताओं को गहराई से जोड़ा। दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, कानपुर और अन्य नगरों से आए कवियों ने हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा को मंच पर साकार किया। युवा कवियों की ताजगी भरी रचनाओं से लेकर वरिष्ठ कवियों के अनुभवसिद्ध शब्दों तक, हर प्रस्तुति ने हिंदी भाषा की व्यापकता और जीवन्तता को उजागर किया। श्रोताओं ने भी पूरे उत्साह और जोश के साथ कविताओं का आनंद लिया। हास्य कविताओं पर सभागार ठहाकों से गूंज उठा तो वहीं ओजपूर्ण कविताओं ने देशभक्ति की भावना को प्रखर किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय शायरा आरफा शबनम, कमल कांत तिवारी, डॉ. हिलाल बदायुनी, खलील गुमनाम, गौरव चौहान, उपमेन्द्र सक्सेना, उन्नति राधा शर्मा, आलोक यादव, गीतकार राधेश्याम मिश्र, उमेश अद्भुत, डॉ. मुकेश गीत, सत्यपाल सिंह सजग, सत्येन्द्र द्विवेदी, किरण प्रजापति दिलवारी, रामस्तन यादव, अभिषेक अधिक, अमित मनोज और अनुज कपूर सहित अनेक कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। आयोजकों ने कहा कि हिंदी दिवस पर इस तरह के आयोजन न केवल भाषा के प्रति सम्मान का प्रतीक हैं बल्कि नई पीढ़ी को साहित्य की ओर प्रेरित करने का भी माध्यम हैं। अंत में सभी कवियों को सम्मानित किया गया और हिंदी को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष विनोद पागरानी, उपजा प्रेस क्लब अध्यक्ष पवन सक्सेना, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष सिटिल गुप्ता, आयोग सदस्य उमेश कठेरिया, साहित्यकार राजेश कुमार, सौरभ अग्रवाल,डॉ. अल्पना दीक्षित , उपजा प्रेस क्लब सचिव धीरू यादव,शिव स्वरूप पटेल, मोहित ठाकुर, अनुराग सक्सेना, अंश सिंह, तुषार शर्मा, विश्वनाथ चौधरी,राशिद, फैसल सकलैनी,वसीम,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

फर्जी एयरलाइन कम्पनी का झांसा देकर चार युवतियों से कराया प्रशिक्षण सैलरी मांगने पर हुआ बवाल

